प्रेस नोट थाना झंगहा जनपद गोरखपुर दिनांक 17.11.2024

महिलाओं को निशाना बनाकर हत्या व चोरी/लूट का अपराध कारित करने के आरोप में 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से आलाकत्ल बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष झंगहा, प्रभारी एसओजी/स्वॉट व सर्विलांस टीम के नेतृत्व में मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत 1. मु0अ0सं0 620/2024 धारा 309(6) बीएनएस, 2. मु0अ0स0 664/2024 धारा 103(1)/109 बीएनएस, 3. मु0अ0स0 704/2024 धारा 109/333 बीएनएस, 4. मु0अ0स0 969/2024 धारा 109/333 बीएनएस व 5. मु0अ0स0 982/2024 धारा 109/333 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त अजय निषाद को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

1. दिनांक 30.07.2024 को थाना स्थानीय पर सूचना प्राप्त हुयी कि दिनांक 29/30.07.2024 की रात्रि में अज्ञात व्यक्ति ने वादी के घर में घुसकर वादी की पत्नी से मारपीट किया एवं उनकी पीली धातु का आभूषण छीनकर भाग गया, जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 620/2024 धारा 309(6) बीएनएस पंजीकृत किय गया।
2. दिनांक 12.08.2024 को थाना स्थानीय पर सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 11/12.08.2024 की रात्रि में एक अज्ञात व्यक्ति ने वादी के घर में घुसकर बरामदे में सोई हुयी वादी की पुत्री को जान से मारने की नियत से किसी ठोस वस्तु से प्रहार किया जिससे उसे गंभीर चोटें आईं व ईलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी, जिसके संबंध मे प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 664/2024 धारा 103(1)/109 बीएनएस पंजीकृत किया गया।
3. दिनांक 26.08.2024 को थाना स्थानीय पर सूचना प्राप्त हुयी कि दिनांक 25/26.08.2024 की रात्रि में अज्ञात व्यक्ति ने वादिनी के घर में घुसकर उनकी माता को सोते समय जान से मारने की नियत से चेहरे व सिर पर किसी ठोस वस्तु से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 704/2024 पंजीकृत किया गया।
4. दिनांक 10.11.2024 को थाना स्थानीय पर सूचना प्राप्त हुयी कि दिनांक 09/10.11.2024 की रात्रि में अज्ञात व्यक्ति ने वादिनी के घर में घुसकर उनकी भाभी को जान से मारने की नियत से डंडे से सिर पर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसके संबध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 969/2024 धारा 109/333 बीएनएस पंजीकृत किया गया।
5. दिनांक 14.11.2024 को थाना स्थानीय पर सूचना प्राप्त हुयी कि दिनांक 13/14.11.2024 की रात्रि में अज्ञात व्यक्ति ने वादी के घर में घुसकर उनकी लड़की के सिर पर किसी ठोस वस्तु से मारकर कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0स0 982/2024 धारा 109/333 बीएनएस पंजीकृत किया गया।

पूछताछ विवरण-

पूछताछ के क्रम में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि थाना झंगहा पर पंजीकृत दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त पूर्व में जेल जा चुका था। अभियुक्त चोरी करने के आशय से घर में घुसता था तथा महिलाओं को निशाना बनाकर उनपर प्रहार कर घायल करता था एवं चोरी/लूट कर भाग जाता था। अभियुक्त रात्रि में घूमते हुए जो घर गांव/बस्ती से दूर अकेले होता था तथा आना जाना आसान रहता था।

अभियुक्त के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल (बांस का डंडा, लिप्टस का डंडा, लोहे की राड, चारपाई का पाया) अलग-अलग स्थानों से बरामद किया गया तथा अभियुक्त ने बताया कि उसके द्वारा लूटे गये आभूषण को उसने बेच दिया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता -

अजय निषाद पुत्र स्वामीनाथ निषाद निवासी राजधानी टोला मंगलपुर थाना झंगहा जनपद गोरखपुर

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0स0 620/2024 धारा 309(6) बीएनएस थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
2. मु0अ0स0 664/2024 धारा 103(1)/109 बीएनएस थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
3. मु0अ0स0 704/2024 धारा 109/333 बीएनएस थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
4. मु0अ0स0 969/2024 धारा 109/333 बीएनएस थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
5. मु0अ0स0 982/2024 धारा 109/333 बीएनएस थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
6. मु0अ0सं0-512/23 धारा 506 भा0द0स0 थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
7. मु0अ0सं0-186/2022 धारा 354/376/506 भादवि व ¾ पॉक्सो एक्ट भादसं0 थाना झंगहा जनपद गोरखपुर

बरामदगी का विवरण-

घटना में प्रयुक्त लोहे का रॉड/चारपाई का पाया/बांस/लकड़ी के डन्डे कुल 05 अदद हथियार बरामद

गिरफ्तारी की टीम-

1. थानाध्यक्ष राकेश रौशन सिंह थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
2. एसओजी प्रभारी सूरज सिंह मय एसओजी टीम जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 छोटेलाल राय मय सर्विलांस टीम जनपद गोरखपुर
4. व0उ0नि0 राजेश यादव थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
5. उ0नि0 ज्योति नरायन तिवारी थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
6. उ0नि0 अनूप तिवारी थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
7. उ0नि0 आलोक कुमार चौबे थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
8. उ0नि0 अशोक कुमार सिंह थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
9. का0 धर्मेन्द्र यादव थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
10. का0 बृजेश यादव थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
11. का0 अमित यादव थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
12. का0 मोहित सिंह थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
13. का0 विकास सिंह थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
14. का0 रविन्द्र वर्मा थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
15. का0 विशाल यादव थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
16. का0 चंदन कुमार थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
17. का0 राजीत यादव थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
18. का0 रवि गुप्ता थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
19. का0 रवीश यादव थाना झंगहा जनपद गोरखपुर